# विदेशी विशेषज्ञों ने प्रस्तुत किए शोधपत्र

**जासं, पटना :** चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना (सीआइएमपी) में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस गुरुवार से शुरू हो गई। बिजनेस रिसर्च पॉलिसी पर आयोजित क्रांफ्रेंस का उद्घाटन सीआइएमपी के निदेशक डॉ. वी. मुकुंद दास ने किया। उन्होंने कहा कि हमें रिसर्च पर ज्यादा जोर देना चाहिए। शोध को बढ़ावा देने के लिए यूके की यूनिवर्सिटी ऑफ साउथेम्पटन के साथ एमओयू किया जाएगा। इसमें स्टूडेंट और फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम शामिल है। फैकल्टी मेंबर डॉ. सुंदराजन ने कहा कि स्टूडेंट एक्सचेंज से ज्यादा लाभ होगा। यहां के छात्रों को ज्यादा एक्सपोजर मिलेगा। गुरुवार को चार समानांतर तकनीकी सत्र हुए। इनमें कुल छह शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। शुक्रवार को भी रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे।

**Dainik Jagran Page No-04**
**Dated:-08/03/2019**

# सीआईएमपी में कॉन्फ्रेंस शुरू

पटना। चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना (सीआईएमपी) में इंटनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन बिजनेस रिसर्च एंड पॉलिसी गुरुवार से शुरू हो गया।

इसमें दो समानांतर तकनीकी सत्र हुए, जिसमें कुल छह शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। इसके पहले कार्यक्रम के उद्‌घाटन सत्र में सीआईएमपी के निदेशक डॉ. वी. मुकुंदा दास ने कहा कि हमें रिसर्च पर ज्यादा जोर देना चाहिए। किसी भी देश का विकास रिसर्च पर ही निर्भर करता है। उन्होंने बताया कि यूके की यूनिवर्सिटी ऑफ साउथेम्पटन के साथ समन्वय होगा, जिसमें स्टूडेंट और फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम शामिल होगा। इससे बिहार की उन्नति होगी। वहीं एक फैकल्टी मेंबर डॉ. सुंदराजन ने कहा कि स्टूडेंट एक्सचेंज से ज्यादा लाभ होगा। हमारे छात्रों को भी देश-दुनिया की जानकारी मिलेगी।

**Hindustan (Hindi) Page No-a38**
**Dated:-08/03/2019**

# सीआईएमपी के दिग्वेन्द्र को टेबल टेनिस में दोहरा खिताब

पटना| सीआईएमपी के दिग्वेन्द्र ने टेबल टेनिस पुरुष वर्ग सिंगल्स का खिताब अपने नाम किया। वहीं दिग्वेन्द्र कुमार ने द्वितीय वर्ष के सिद्धार्थ विशाल के साथ मिलकर डबल्स का भी खिताब जीता। सीआईएमपी पटना के छात्र जहां मैनेजमेंट में अपना परचम लहरा रहे हैं वहीं खेल के क्षेत्र में भी यहां के छात्र अव्वल होने का प्रमाण दे रहे हैं। दो और तीन मार्च को निफ्ट पटना में आयोजित हुए वार्षिक खेल महोत्सव में सीआईएमपी के छात्रों ने अपनी भागीदारी दिखाई। स्पेक्ट्रम-19 महोत्सव में निफ्ट और सीआईएमपी के अलावा सीएनएलयू और बीआईटी के छात्र-छात्राओं ने भी अपनी भागीदारी दिखाई। इस अवसर पर कई तरह के खेलों का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य खेल में बैडमिंटन और टेबल टेनिस थे।

**Dainik Bhaskar Page No-35**
**Dated:-08/03/2019**